UTTARAKHAND

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 1661 / 18 mg  दिनांकः– 15/06/018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल ।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत दरमोली से पिठौली मोटर मार्ग निर्माण हेतु वनभूमि 1.19 है0 के हस्तान्तरण के संबंध में(FP/UK/ROAD/8248/2014)

संदर्भः– EDS दिनांक 08.6.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराया जाना है कि वर्ष 2014 में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु नोडल अधिकारी, देहरादून द्वारा आयोजित बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि प्रस्ताव की एक हार्ड प्रति तैयार कर ऑन लाइन के माध्यम से फारेस्ट क्लीरियेन्स. पोर्टल में अपलोड करें, इसलिए इस मार्ग की मूल में एक ही हार्ड प्रति तैयार की गयी थी, तथा प्रस्ताव को वर्ष 2014 में ही ऑन लाइन के माध्यम से अपलोड कर प्रेषित की जा चुकी है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का परीक्षण करने के उपरान्त हार्ड प्रति जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस क्रम में खण्ड स्तर से आन लाईन के माध्यम से प्रेषित प्रस्ताव का ही कलर प्रिन्ट के माध्यम से अन्य प्रतियां तैयार कर आपको एवं नोडल अधिकारी देहरादून को इस कार्यालय के पत्रांक 928/18एम0जी0 दिनांक 03.04.2018 का दिनांक 04.04.2018 को उनके कार्यालय में हार्ड प्रतियों का परीक्षण किये जाने उपरान्त ही 3 प्रतियों में प्राप्त की गयी हैं, सुलभ संदर्भ हेतु पत्र की छाया प्रति संलग्न है। महोदय साथ ही यह भी अवगत कराया जाना है कि यह मार्ग एस0सी0एस0पी0 योजना के अन्तर्गत वर्ष 2006 में स्वीकृत है, इस संदर्भ में स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों द्वारा तथा मुख्य मंत्री संदर्भ के अन्तर्गत कृत कार्यवाही से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर नित्य अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है, और लगभग 12 वर्ष के समय अन्तराल में भी वनभूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त न होने एवं विलम्ब की दशा में उच्चाधिकारियों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया जाता रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त प्रकरण में अपने स्तर आवश्यक कार्यवाही करते हुए तदनुसार आख्या उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नः– उक्त वर्णित पत्र की प्रति।

भवदीय

15/06/18

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल ।

पत्रांकः– / दिनांकः–

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त,लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी महोदय नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल ।

UTTARAKHAND

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक:– 928 / 18 mg दिनांक:– 03/04/18

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षक इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

विषय:– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत दरमोली से पिठौली मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि 1.19 है0 के हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में अवगत कराया जाना है कि विषयक मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। मार्ग के वनभूमि हस्तान्तण प्रस्ताव गठित कर ऑन लाईन किया जा चुका है, जिसका नं0 FP/UK/Road/8248/2014 है। उक्त प्रस्ताव परीक्षण के उपरान्त स्वीकार करते हुए प्रस्ताव की हार्ड कापी हस्ताक्षरयुक्त प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त विषयक मोटर मार्ग के प्रस्ताव की हार्ड कापी 3 प्रतियों में तैयार कर आपको अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

संलग्न:– प्रस्ताव 3 प्रति में।

भवदीय

03/04/18

o/c

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।

पत्रांक:– 928 / 18 mg दिनांक:– 03/04/18

प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता तृतीय निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि श्री पूरन सिंह रावत, कनिष्ठ अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्तानुसार संबंधित कार्यालय में व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित करते हुए प्रस्ताव की हार्ड कापी अपर प्रमुख वन संरक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

03/04/18

o/c

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।

4/4/18

भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी
वन विभाग, (उत्तराखण्ड)
देहरादून